राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

अंक : 17 **जुलाई-सितंबर 2018**

प्रधान संरक्षक

श्री ए.के. ज्योतिषी

प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक

संरक्षक

श्री अमितेश भरत सिंह

अपर आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल

संकल्पना और संपादन

श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,

कनिष्ठ अनुवादक, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु

बेंगलूरु केंद्रीय राजस्व भवन के परिसर में दिनांक 15 अगस्त 2018 को स्वतंत्रता दिवस

केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क तथा आयकर विभागों द्वारा

संयुक्त रूप से मनाया गया ।

केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में आयोजित हिंदी दिवस एवं हिंदी माह की रिपोर्ट

हिंदी माह के अंतर्गत केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के आयुक्तालयों के लिए दिनांक 20.08.2018 से 30.08.2018 तक हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं जैसे, 1.हिंदी सुलेख, 2.हिंदी अनुवाद, 3.हिंदी टिप्पण एवं आलेखन और 4.हिंदी विविधा प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी, अंताक्षरी, मूक पहेली तथा स्मृति परीक्षण आयोजित की गई थीं । दिनांक 05.09.2018 को पृथक रूप में बेंगलूरु एयरपोर्ट आयुक्तालय के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं । दिनांक 31.08.2018 को विशिष्ट हिंदी रंगमंच का आयोजन किया गया । अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अधिक संख्या में भाग लिया ।

दिनांक 24-09-2018 को हिंदी दिवस/माह का समापन समारोह संयुक्त रूप से मनाया गया था । मुख्य अतिथियों के दीप प्रज्ज्वलन के बाद सीमा शुल्क की कनिष्ठ अनुवादक श्रीमती पद्मश्री बाबु की प्रार्थना गीता के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के अपर आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.) श्री अमितेश भरत सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । माननीय गृह मंत्री महोदय का संदेश पठन केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय की वरिष्ठ अनुवादक श्रीमती एन. उषा ने किया ।

तदुपरांत अंचल की गृह पत्रिका बृंदावन 2018 का विमोचन किया गया । पत्रिका का विमोचन केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, कर्नाटक अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री ए.के. ज्योतिषी एवं मुख्य आयकर आयुक्त (अंतरराष्ट्रीय कराधान), (दक्षिण क्षेत्र) के मुख्य आयुक्त श्री अशोक कुमार सिन्हा के करकमलों से किया गया तथा संपादक एवं सीमा शुल्क अपील्स के आयुक्त श्री संजय पंत ने प्रथम प्रति प्राप्त की ।

आगे, हिंदी कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य हेतु रोलिंग शील्ड प्रदान किया गया । बेंगलूरु अंचल के लिए रोलिंग शील्ड केंद्रीय कर, बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय को प्राप्त हुआ तथा विशेष पुरस्कार केंद्रीय कर, बेंगलूरु उत्तर आयुक्तालय को मिला । तदुपरांत अंचल के विभिन्न आयुक्तालयों के अनुभाग / मंडल कार्यालयों को रोलिंग शील्ड प्रदान किया गया । गृह मंत्रालय के अनुदेशानुसार हिंदी टिप्पण और मसौदा लेखन के तहत प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सभी आयुक्तालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया । सीमा शुल्क मुख्य आयुक्त का कार्यालय के वरिष्ठ अनुवादक श्री गोपालकृष्णन ने राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत किया । सांस्कृतिक कार्यक्रम में सीमा शुल्क, बेंगलूरु अपील्स के आयुक्त श्री संजय पंत ने हिंदी पर अपने ही अनूठे शैली में भाषण और कविता प्रस्तुतीकरण । तदुपरांत उसी क्रम में केंद्रीय कर, बेंगलूरु उत्तर आयुक्तालय की अधीक्षक श्रीमती लता वेंकटरामन एवं निरीक्षक श्री मुकेश कुमार ने हिंदी गीत प्रस्तुत की ।

केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु के आयुक्तगण ने हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण-पत्रों का वितरण किया । फिर श्री अशोक कुमार सिन्हा, मुख्य आयकर आयुक्त (अंतरराष्ट्रीय कराधान), (दक्षिण क्षेत्र) ने मुख्य अतिथि से एवं श्री ए.के.ज्योतिषी, प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल ने अध्यक्षीय भाषण से उपस्थित दर्शकगण को आशीरवाद दिया ।

केंद्रीय कर, दक्षिण आयुक्तालय के संयुक्त आयुक्त श्री प्रशांत कुमार झा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ । मंच का संचालन केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु के कनिष्ठ अनुवादक श्री वाई.सुब्रहमण्यम द्वारा किया गया ।

हिंदी दिवस - एक झलक

वस्तु एवं सेवा कर तथा सीमा शुल्क, बेंगलूरु
GOODS & SERVICE TAX AND CUSTOMS, BENGALURU

इन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं

दिनांक 31-08-2018 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित

विशिष्ट हिंदी रंगमंच

(जिसके तहत नाटक, नृत्य, वाद्य संगीत, एकल गायन, कविता पाठ, आदि शामिल थे)

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर के आयुक्त का कार्यालय,नं. 71,क्लब रोड, बेलगावी–590001

प.सं. II/39/04/2013–हिन्दी अनुभाग दिनांक -21-08-2018

सेवा में,

अपर आयुक्त(राजभाषा),
प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, केन्द्रीय कर,
कर्नाटक अंचल पी.बी.सं. 5400,
केन्द्रीय राजस्व भवन, क्वीन्स रोड, बेंगलूर–560001

महोदय,

विषय – राजभाषा तिमाही समाचार पत्र "राजभाषा मुद्रिका" का अंक–16 के सुझाव के संबंध में ।

*****

आपके कार्यालय के पत्र सं. II/39/95/2017 दिनांक–30-07-2018 को भेजी गयी राजभाषा तिमाही समाचार पत्र "राजभाषा मुद्रिका" का अंक–16 का प्रेषण इस कार्यालय को प्राप्त हुई । पत्रिका में वर्णित लेख एवं अन्य सामग्री रोचक, पठनीय एवं प्रेरणास्पद है । राजभाषा तिमाही समाचार पत्र के आकर्षण मुद्रण एवं सज्जा हेतु संपादक मंडल प्रशंसा के पात्र हैं । राजभाषा तिमाही समाचार पत्र का सफल संपादन राजभाषा नीतियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सफल प्रयास है । राजभाषा तिमाही समाचार पत्र में लेख, चित्र एवं अन्य सामग्री द्वारा भाग लिए सभी रचनाकारों तथा संपादक मंडल को बधाई ।

भवदीय,

(प्रताप ब. धागा)
सहायक आयुक्त (राजभाषा)

आपने कहा

इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां या फिर कोई कविता, लेख, आदि हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।

आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं । ☆